वेटनरी कॉलेज का सुयश

अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में वेटनरी कॉलेज जबलपुर के 7 छात्र–छात्राएं चयनित हुए है। इस परीक्षा के द्वारा छात्रों को स्नातकोत्तर स्तर एवं पी.एच.डी. हेतु फेलोशिप प्रदान की जाती है, तथा चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में प्रवेश प्राप्त होता है। यह परीक्षा कनिष्ठ वैज्ञानिकों को केन्द्रीय नौकरी हेतु भी आयोजित होती है। कनिष्ठ श्रेणी (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) की दो विभिन्न शाखाओं एनिमल साइंस ग्रुप में पारूल कुरेचिया को चतुर्थ एवं सुकॉक्षी यादव को आठवॉ स्थान प्राप्त हुआ है। तथा वेटनरी साइंस विधा में महेन्द्र प्रिया को तृतीय एवं करिश्मा काकोटिया को उन्नीसवॉ स्थान प्राप्त हुआ है। 29 छात्र–छात्रायें 100 वीं रैंक के अन्दर आये है। ऐसे ही वरिष्ठ श्रेणी (पी.एच.डी. हेतु) में 9 छात्र–छात्राओं ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है, इसमें सृष्टि सोनी, प्रथम, कल्पना जायसवाल, द्वितीय, प्रत्युश कुमार, चुतर्थ एवं संदीप द्विवेदी आठवें स्थान पर रहे है।

ए.एस.आर.बी. (ऐग्रीकल्चर साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड) के माध्यम से स्नाकोत्तर एवं डॉक्टरेट उपाधि अर्जित कर चुके छात्र एवं छात्राएं विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों वैज्ञानिक के रूप में चयनित हुए है। कृषि अनुसंधान में डॉ. अनुभा पाठक का पब्लिक हेल्थ विषय में तथा डॉ मीमासा शर्मा का फार्माकॉलोजी विषय में वैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ।

वेटनरी कॉलेज के छात्र–छात्राओं के अखिल भारतीय स्तर पर इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों और शिक्षकों ने प्रशंसा कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेशित की।

अनुभा पाठक

मीमाशा शर्मा